DNA
शब्द शब्द संघर्ष
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18







रही कलपतरु संस्था द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हुआ। इसमें परियोजना से जुड़े कर्मचारियों को पॉलीथीन मुक्त स्वच्छ भारत की शपथ भी दिलाई गई।

## डेली न्यूज ऐक्टिविस्ट प्रेस में विधिविधान से हुई पूजा

मंगलवार को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस के मौके पर डेली न्यूज ऐक्टिविस्ट के एवीबी रेफ्रोग्राफिक्स ए-59 इंडस्ट्रियल एरिया ताल कटोरा प्रेस में विधिविधान से पूजा अर्चन की गई। इस अवसर पर मशीनों आदि की विधिपूर्वक पूजा कर प्रसाद वितरित किया गया। औजारों संग मशीनों की साफ-सफाई की गई। इस दिन भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा के बाद आरती की गई। मौके पर मौजूद पंडित जी ने बताया कि पूजा के पश्चात आरती से भगवान विश्वकर्मा अतिप्रसन्न होते हैं। आरती करने से कार्यस्थल की नकारात्मकता खत्म होती हैं, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भगवान विश्वकर्मा प्रसन्न होकर भक्तों को धन-धान्य और सुख समृद्धि देते हैं। साथ ही उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर प्रेस के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज परिसर में अभियंता दिवस समारोह

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज ने 52वां अभियंता दिवस स्कूल प्रांगण मे बडे उत्साह से मनाया। महानिदेशक तकनीकी डॉ. भरत राज सिंह एवं मुख्य अतिथि डॉ. निशित पुरोहित आईआईआईटी इलाहाबाद तथा धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ई. श्रेयांश मन्डोल विज्ञान भारती ने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकगणों ने भी पुष्पगुच्छ से अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ. सिंह ने सर विश्वेश्वरैया जी के जीवनी तथा उनके द्वारा राष्ट्रहित में किये गये कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं को यह संदेश दिया कि उनके चरित्र और कार्यों को अपने जीवन में उतारें जिससे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारतवर्ष को विश्वस्तर पर अग्रणी बनाया जा सके।